# भारत-अमेरकि साझेदारी

//

## भारत अमेरिका साझेदारी

### आर्थिक संबंध

- वर्ष 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका बन गया है, उसके बाद चीन और UAE का स्थान आता है
- वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार में 7.65% की वृद्धि हुई है ( 2021-22 की तुलना में )

### रक्षा सहयोग

- भारत-अमेरिका रक्षा त्वरित पारिस्थितिकी तंत्र ( INDUS-X ), 2023: स्टार्ट-अप और तकनीकी कंपनियाँ उन्नत प्रौद्योगिकियों के सह-विकास और सह-उत्पादन पर सहयोग करेंगी
- फाइटर जेट डील, 2023: जनरल इलेक्ट्रिक ( GE-General Electric ) की F414 इंजन तकनीक और विनिर्माण को भारत के तेजस Mk2 जेट के लिये स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे इसकी स्वदेशी क्षमताओं में वृद्धि होगी
- रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल ( DTTI ), 2012: रक्षा विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में सहयोग की सुविधा के लिये
- भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों के लिये नई रूपरेखा, 2005: वर्ष 2015 में 10 वर्षों के लिये अद्यतन किया गया

भारत द्वारा अमेरिका के MQ-9B सीगार्जियन UAVs के अधिग्रहण को मंज़ूरी दी गई है

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल ( iCET ), 2022: AI, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और वायरलेस दूरसंचार आदि क्षेत्रों में CET पर सहयोग
- महत्त्वपूर्ण खनिज साझेदारी: हाल ही में, भारत महत्त्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा और खनिज आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिये अमेरिका के नेतृत्व वाली खनिज सुरक्षा साझेदारी ( MSP ) में शामिल हुआ।
- अंतरिक्ष में सहयोग: नासा, इसरो के अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षित करेगी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2024 में एक संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ( ISS ) मिशन है।
  - आर्टेमिस समझौता:भारत द्वारा हस्ताक्षरित ग्रहों की खोज और अनुसंधान में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिये अमेरिका के नेतृत्व वाला गठबंधन;
  - नासा इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार ( NISAR ): पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र में परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय परिवर्तनों को समझने के लिये

### नागरिक परमाणु समझौता

- नागरिक परमाणु सहयोग: द्विपक्षीय नागरिक परमाणु सहयोग समझौते पर अक्तूबर 2008 में हस्ताक्षर किये गये

### ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन

- संयुक्त स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान और विकास केंद्र ( JCERDC ), 2010: स्वच्छ ऊर्जा नवाचारों को बढ़ावा देने के लिये भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के वैज्ञानिकों की टीमों द्वारा प्रस्तावित
- स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 साझेदारी: लीडर्स जलवायु शिखर सम्मेलन 2021 में लॉन्च किया गया
- वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन ( भारत, ब्राज़ील और अमेरिका ), 2023: इसका उद्देश्य परिवहन क्षेत्र सहित धारणीय जैव ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहन एवं गति प्रदान करना है।

### सुरक्षा

- आतंकवाद-रोधी सहयोग पहल, 2010: आतंकवाद-निरोध, सूचना साझाकरण और क्षमता निर्माण पर सहयोग का विस्तार करना

### चार मूलभूत समझौते

- जनरल सिक्योरिटी ऑफ मिलिट्री इनफार्मेशन एग्रीमेंट ( GSOMIA ), 2002: सेनाओं को उनके द्वारा एकत्रित की गई खूफिया जानकारी साझा करने की अनुमति देता है
  - औद्योगिक सुरक्षा अनुबंध, 2019 GSOMIA का एक हिस्सा है
- लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट ( LEMOA ), 2016: दोनों देशों को ईंधन भरने और पुन:पूर्ति के लिये नामित सैन्य सुविधाओं तक पहुँच प्राप्त होती है।
- संचार अनुकूलता और सुरक्षा समझौता ( COMCASA ), 2018: अमेरिका से भारत में अत्यधिक संवेदनशील संचार सुरक्षा उपकरणों के हस्तांतरण के लिये एक कानूनी रूपरेखा
- बुनियादी विनिमय और सहयोग समझौता ( BECA ), 2020: दोनों देशों को एक-दूसरे के साथ भू-स्थानिक और उपग्रह डेटा साझा करने की अनुमति देता है।

वर्ष 2015 में, दोनों देशों ने दिल्ली मैत्री घोषणा जारी की और एशिया-प्रशांत एवं हिंद महासागर क्षेत्र के लिये एक संयुक्त रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाया।

भारतीयों के मध्य लोकप्रिय वीज़ा में एच-1बी, एल शामिल हैं। भारतीय नागरिक अमेरिका में सबसे बड़ा विदेशी छात्र समुदाय बनने के लिये तैयार हैं ( 2022 में 20% की वृद्धि )

Drishti IAS

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-us-partnership-3